समाचार जगत

जयपुर, 6 जनवरी, 2012

फुटपाथी व्यवसायियों का निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन

जयपुर, (नप्र.)। थड़ी और फुटपाथी व्यवसायियों ने आज नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्य गेट के बाहर बैठ गए। यहां पर उन्होंने एक सभा भी की जिसमें विभिन्न हिस्सों से हटाने और उनका सामान जब्त करने का विरोध किया। सामाजिक संगठन सेंटर फॉर सिविल सोसायटी और हैरिटेज सिटी यूनियन के नेतृत्व में किए गए इस प्रदर्शन में शहर के विभिन्न हिस्सों के विशेष रूप से प्रवासी भारतीय सम्मेलन के कारण जहां से इन्हें हटाया गया है के थड़ी और फुटपाथी व्यवसायियों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी निगम अधिकारियों को ज्ञापन देना चाहते थे। लेकिन सम्मेलन की तैयारियों में जुटे अधिकारियों के मुख्यालय पर नहीं होने के कारण समाचार लिखने तक ज्ञापन नहीं दिया जा सका।